हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026



# बदला मनरेगा का प्रारूप, वीबी जी राम जी की आज लॉचिंग, 150 दिन मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीबन दो दशक पूर्व तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण इलाकों में रोजगार सुनिश्चित करने की मंशा के साथ शुरू की गई मनरेगा योजना का प्रारूप आज से बदलने जा रहा है, जहां योजना का नाम अब बीवी जी राम जी कर दिया गया है। वहीं अब ग्रामीणों को अधिकतम डेढ़ सौ दिन तक रोजगार प्रदान किया जाएगा। इस बदलाव का जिले के लगभग ढाई लाख मजदूरों को सीधा फायदा होगा। इसके अलावा भी योजना में कई अहम बदलाव किए गए हैं। आज इस योजना का शुभारंभ देशभर में किया जाएगा। ग्रामीण अंचल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज दो जुलाई को देश सहित छत्तीसगढ़ में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना का औपचारिक शुभारंभ होने जा रहा है। यह महात्वाकांक्षी पहल पूर्व में संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का एक परिष्कृत रूप है। जिसका सीधा प्रभाव जमीनी स्तर पर देखने को मिलेगा। इस नवीन व्यवस्था के तहत अब ग्रामीण परिवारों के पास आजीविका के अधिक साधन होंगे। सरकार ने रोजगार के दिनों में 25 दिनों की महत्वपूर्ण बढ़ोतरी करते इसे अब एक सौ पच्चीस दिन नियत कर दिया है। इससे न केवल गरीब और मजदूर परिवारों की वार्षिक आय में संवर्धन होगा, बल्कि उनके जीवन को एक सुदृढ़ आर्थिक सुरक्षा कवच भी प्राप्त हो सकेगा। यह निर्णये मजदूरों, किसानों और युवाओं के लिए लाभकारी होगी।

## योजना के अंतर्गत जिले में 2.56 लाख मजदूर पंजीकृत

### 43 लाख मानव दिवस का टारगेट

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में कार्यरत कुल 1.36 लाख सक्रिय जॉब कार्ड धारकों के अंतर्गत 2.56 लाख मजदूरों का बड़ा कार्य बल इस नई व्यवस्था से सीधे जुड़ेगा। जिससे स्थानीय स्तर पर ही व्यापक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। जिले में वर्तमान में उपलब्ध जनशक्ति को इस नई योजना के क्रियान्वयन से सीधे तौर पर लाभ पहुंचेगा और गांवों में ही उत्पादक आजीविका प्राप्त होगी। इस मिशन के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में जिले के लिए कुल 43 लाख मानव दिवस सृजन का विशाल लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की किल्लत को पूरी तरह समाप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।



### कई तरह के होंगे काम, मिलेगी राहत

छत्तीसगढ़ को इस योजना के सफल संचालन हेतु कुल 3810 रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार वित्तीय भार साझा कर रही है। जिले में इसके तहत केवल अस्थाई रोजगार नहीं दिए जाएंगे, बल्कि टिकाऊ और दीर्घकालिक सामुदायिक संपत्तियों का निर्माण किया जाएगा। जिले की भौगोलिक और कृषि प्रधान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत पारंपरिक तालाबों का जीर्णोद्धार, नवीन डबरी निर्माण, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण जैसे कार्य हाथ में लिए जाएंगे। साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए बारहमासी ग्रामीण सड़कों का जाल भी बिछाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चाकू से डराया-धमकाया, पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नया बस स्टैंड के पास आरोपी श्याम राज साहू 20 वर्ष धारदार चाकू रखकर लहरा कर आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

## माय एंगल




## देशी की जगह खूब बिकी विदेशी, जिले के राजस्व में नहीं पड़ा असर

# मदिराप्रेमियों को नहीं मिल रही देशी शराब! राजस्व में 12% की गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में मदिराप्रेमियों को इन दिनों अपनी पसंद की शराब के लिए भटकना पड़ रहा है। विशेष रूप से देशी शराब के शौकिनों को भारी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते देशी शराब का कारोबार करीब 12 फीसदी तक लुढ़क गया है। इस गिरावट के पीछे सरकार द्वारा नीति में किया गया एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। हालांकि शासन को राजस्व की हानि होती हुई नजर नहीं आ रही है, जहां देशी का कारोबार घटा है। वहीं इस दौरान विदेशी शराब की बिक्री में इजाफा हुआ। जिसके चलते कुल कारोबार में अब भी राजस्व में बढ़ोत्तरी ही देखने को मिल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार देशी के कारोबार में गिरावट के पीछे का महत्वपूर्ण कारण शराब की उपलब्धता नहीं होना है। बताया गया कि बीते 1 अप्रैल से सरकार ने देशी शराब की बॉटलिंग पूरी तरह से प्लास्टिक की बोतलों में करने का निर्णय लिया है। इस फैसले के लागू होने के बाद से ही पूरे प्रदेश में देशी शराब का स्टॉक और सप्लाई चैन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। आलम यह हो चुका है कि कई देशी मदिरा दुकानों में लोगों को कई दिनों तक देशी शराब नसीब नहीं हो पा रही है और काउंटर खाली पड़े हैं। दुकानों में शराब की अनुपलब्धता का सीधा असर बिक्री के आंकड़ों पर दिखाई दे रहा है। सरकारी आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि देशी शराब की उठाई गई मात्रा में लगातार बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है।

**खास बातें**

- देशी शराब नहीं मिलने पर विदेशी शराब खरीदने मजबूर हुए लोग
- देशी की बिक्री प्रभावित होने का राजस्व पर नहीं पड़ा असर



### विदेशी शराब से काम चला रहे मदिराप्रेमी

भले ही देशी शराब की किल्लत से उसका कारोबार मंदा पड़ गया हो, लेकिन इससे सरकार की कमाई पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा है। इसका मुख्य कारण यह है कि जब मदिराप्रेमियों को देशी दुकानों में उनकी पसंद की शराब नहीं मिली, तो उन्होंने विदेशी शराब का रूख कर लिया। देशी की कमी ने विदेशी शराब की बिक्री को तेजी से बढ़ा दिया है। जिसके परिणामस्वरूप सरकार के राजस्व को हानि होने की जगह भारी फायदा हुआ है।

### आंकड़े बयां कर रहे सच्चाई

विभागीय आंकड़ों के अनुसार गत वर्ष मई 2025 में जहां 351027 प्रू.ली. देशी शराब की बिक्री हुई थी। वहीं वर्तमान वर्ष मई 2026 में यह घटकर केवल 295381 प्रू.ली. रह गई। इस प्रकार अकेले मई महीने में ही देशी शराब के कारोबार में 15.9 फीसदी की भारी कमी देखी गई। जून महीने में भी यही रूख बरकरार रहा। 26 जून 2025 तक जहां 266716 प्रू.ली. देशी शराब की उठाई गई थी। वहीं 26 जून 2026 तक यह आंकड़ा गिरकर 246825 प्रू.ली. पर सिमट गया। इसमें भी 7.5 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। प्लास्टिक बॉटलिंग की वजह से उत्पादन और आपूर्ति में आए इस व्यवधान ने मदिराप्रेमियों को दुकानों से खाली हाथ लौटने पर मजबूर कर दिया है।

### विदेशी का 12% बढ़ा कारोबार

आंकड़े बताते हैं कि विदेशी शराब की मांग में जबर्दस्त उछाल आया है। मई 2025 की तुलना में मई 2026 में विदेशी मदिरा स्प्रिट में 4.5 फीसदी और विदेशी मदिरा माल्ट में 11.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जून महीने में यह अंतर और अधिक बढ़ गया। 26 जून 2026 तक विदेशी मदिरा स्प्रिट की उठाई गई मात्रा में 52.7 फीसदी की धमाकेदार वृद्धि हुई। जबकि माल्ट में भी 1.0 फीसदी की बढ़त देखी गई। इस प्रकार काउंटर पर देशी शराब न मिलने से भले ही मदिराप्रेमी परेशान हैं और सप्लाई चैन पूरी तरह चरमरा गई है, लेकिन विदेशी मदिरा की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री ने सरकारी खजाने को खाली होने से बचा लिया है और राजस्व का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर भाग रहा है।

# तहसील में नियमों को ताक पर रखकर चल रहा डायवर्सन का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सहित जिलेभर में भूमि डायवर्सन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है, ताकि आम जनता को सहूलियत हो और काम में पारदर्शिता बनी रहे। इसके विपरीत राजनांदगांव तहसील कार्यालय में आज भी मैन्युअल रूप से आवेदन लेने का खेल चल रहा है। इस व्यवस्था के कारण जमीन डायवर्सन के काम के लिए आने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय में बिना सुविधा शुल्क या कमीशन दिए एक भी फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। जिससे आवेदकों में भारी आक्रोश है।



इस पूरे मामले में राजस्व विभाग में पदस्थ एक बाबू की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध बताई जा रही है और उनके खिलाफ शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक संबंधित बाबू का करीब सालभर पहले ही यहां से तबादला हो चुका है, लेकिन ऊंची रसूख और सांठगांठ के चलते वह अटैचमेंट पर अब भी राजनांदगांव तहसील में ही जमा हुआ है। हद तो तब हो गई है, जब इस बाबू द्वारा अपने स्तर पर दो से तीन निजी व्यक्तियों को रखकर सरकारी और विभागीय काम कराया जा रहा है। इन बाहरी और निजी लोगों की वजह से शासकीय विभाग की गोपनीयता भी पूरी तरह भंग हो रही है। इस अव्यवस्था को लेकर पिछले दिनों शहर के एक सीनियर कांग्रेस लीडर से उक्त कर्मचारी का तीखा विवाद भी होने की खबर है, जो अब चर्चा का विषय बनी हुई है।

### बाबू का हो चुका तबादला

शासन द्वारा प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए कर्मचारियों के तबादले किए जाते हैं, लेकिन राजनांदगांव तहसील में नियम-कायदे हवा में उड़ रहे हैं। सालभर पहले ट्रांसफर होने के बाद भी एक ही बाबू का अटैचमेंट के नाम पर जमे रहना कई बड़े सवाल खड़े करता है। तहसील कार्यालय में बाहरी और निजी व्यक्तियों को बैठाकर विभागीय काम सौंपना बेहद गंभीर मामला है। इससे न सिर्फ शासकीय गोपनीयता खतरे में है, बल्कि आम जनता के कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की आशंका भी बनी हुई है।

# गोलबाजार स्थित दुकान में लगी भीषण आग, सामान जलकर खाक

- किराया भंडार के साथ संचालित इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल दुकान तक भी फैली आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गोलबाजार क्षेत्र में स्थित भाटिया किराया भंडार में भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुंआ दूर तक दिखाई दिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जिले के डोंगरगढ़ शहर में बुधवार दोपहर गोल बाजार स्थित भाटिया किराया भंडार में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थी। जबकि धुंए का घना गुबार कई किलोमीटर दूर से नजर आया। आग की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ के व्यस्त गोल बाजार इलाके में स्थित भाटिया किराया भंडार में दोपहर करीब 2 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

किराया भंडार के साथ संचालित इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल सामान की दुकान भी आग की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग की ऊंची लपटें काफी दूर से दिखाई दे रही थी और पूरे इलाके में धुंए का गुबार फैल गया। फिलहाल इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। हालांकि आग से हुए नुकसान का आंकलन अभी नहीं किया जा सका है। आग लगने के कारणों का भी अभी खुलासा नहीं हुआ है।



### दमकल विभाग ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। स्थानीय लोग भी राहत एवं बचाव कार्य में दमकल कर्मियों का सहयोग कर रहे हैं। आग की गंभीरता को देखते राजनांदगांव से दो अतिरिक्त फायर ब्रिगेड वाहन भी डोंगरगढ़ के लिए रवाना किए गए हैं। दमकल विभाग की टीमें लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास करती रही।

# जमीन विवाद : धान बोने की बात पर दो पक्षों में मारपीट, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन संबंधी मामले को लेकर दो पक्षों में वाद-विवाद व मारपीट की घटना पर मोहारा पुलिस ने छह लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस चौकी मोहारा द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 30 जून को ग्राम बनबोड़ में पैतृक भूमि के बंटवारे एवं सीमांकन को लेकर चल रहे विवाद के दौरान धान बोने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद एवं मारपीट की घटना हुई, जिस पर पुलिस चौकी मोहारा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अनावेदकगण पुनः आक्रोशित होकर विवाद एवं मारपीट करने पर आमदा हो गए।

### शांति भंग का आरोप

मौके पर पुलिस एवं ग्रामीणों द्वारा समझाइश देने के बाद भी स्थिति नियंत्रित नहीं होने पर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी संज्ञेय अपराध की संभावना को रोकने हेतु 6 अनावेदक आशाराम छेदैया, गनपत छेदैया, धुरसिंग छेदैया, राम्हु छेदैया, रूकुम छेदैया व गुहरी उर्फ हरी छेदैया सभी निवासी ग्राम बनबोड़ पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। अनावेदकगण के विरुद्ध धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी न्यायालय खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# डिक्की में रखा था गांजा, पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

अवैध रूप से बिक्री करने के लिए मोपेड की डिक्की में मादक पदार्थ गांजा रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 1.500 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 30 जून को थाना गंडई पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पवन उर्फ आशीष राजपूत निवासी गंडई दुर्ग रोड स्थित रूमझूम लॉज के सामने पुल के पास अपनी मोपेड़ की डिक्की में बिक्री हेतु गांजा छिपाकर रखा है।

**पुलिस ने की कार्रवाईः** आरोपी के पास मादक पदार्थ रखने एवं बिक्री संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**घेराबंदी कर पकड़ा :** सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर बताए गए हुलिए का व्यक्ति मोपेड स्कूटी पर बैठा मिला। जिसने पूछताछ में अपना नाम पवन उर्फ आशीष राजपूत बताया। विधिवत तलाशी लेने पर स्कूटी की डिक्की से हरे रंग की पॉलीथिन में भूरे रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ मादक पदार्थ बरामद हुआ। गवाहों की उपस्थिति में तलाशी एवं बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। एनडीपीएस किट सहित निर्धारित परीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से उक्त पदार्थ की जांच करने पर उसके गांजा होने की पुष्टि हुई।

## स्वीकृति मिलने के बाद अब मरम्मत शुरू कराएगा शिक्षा विभाग

# खबर का असर: जर्जर सरकारी स्कूलों की होगी मरम्मत, भवनों के लिए 64 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में मरम्मत की दरकार वाले जर्जर स्कूल को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने के बाद अब इन स्कूलों की मरम्मत के लिए 64 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिससे जर्जर शाला भवनों की मरम्मत कार्य किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूल समितियां ही मरम्मत का कार्य करवा सकेंगी।

लगभग दो वर्षों से जिले में जर्जर शाला भवनों को लेकर शासन स्तर पर मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा था, जिस पर खबर प्रकाशित होने के बाद खबर का असर हुआ है और मरम्मत योग्य सभी जर्जर स्कूल भवनों के लिए स्वीकृति दी गई है। शहर सहित जिलेभर में लगभग पांच सौ स्कूल भवन को मरम्मत की आवश्यकता है। शासन स्तर पर भवनों के मरम्मत की स्वीकृति नहीं मिलने के चलते बच्चे जर्जर शाला भवन में पढ़ने को मजबूर हो रहे थे। इनमें कई स्कूल ऐसे भी थे, जिनकी कम बजट में ही मरम्मत कराई जा सकती थी। अब ऐसे स्कूलों को दृष्टिगत रखते मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत गई है।



### स्कूलवार अलग-अलग राशि

प्रदेशभर में मरम्मत के लिए जारी किए गए फंड में खास बात यह है कि स्कूल के प्रकार के अनुसार फंड की सीमा भी तय कर दी गई है। बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से मरम्मत योग्य शाला भवन प्राइमरी हेतु 80 हजार रुपए, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूल के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए तक का मरम्मत स्थानीय स्तर पर ही शाला विकास समिति द्वारा कराया जा सकता है।

### मरम्मत के लिए नहीं होगा इंतजार

जर्जर स्कूलों के मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद अब छोटे-मोटे मरम्मत कार्य, बारिश में दीवार और छत की सीपेज ठीक करवाने इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि स्वीकृत राशि के माध्यम से ही तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करवाया जा सकता है। जिससे कोई भी काम अटकेगा नहीं।

# शादी का झांसा देकर किया कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादी का झांसा देकर पीड़िता से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 मई को पीड़िता अपने घर में थी, तभी आरोपी पीड़ित प्रार्थिया को अपने घर बुलाकर शादी करने का झांसा देकर जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता द्वारा मना करने पर भी पीड़िता को शादी करने का झूठा वादा किया, जब पीड़िता को पता चला कि आरोपी उसके साथ झूठा वादा कर लगातार शारीरिक संबंध बना रहा है, तब पीड़िता अपने परिजन के साथ थाना आकर लिखित आवेदन पत्र दिया, जिस पर थाना घुमका द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार घुमका पुलिस द्वारा मामले के फरार आरोपी राहुल बघेल 21 साल का पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसके द्वारा घटनाकारित करना स्वीकार करने पर 1 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पुष्कर पढ़ेगा एकलव्य विद्यालय में

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला चेंदरी बन नवागाँव के छात्र पुष्कर कुमार का एकलव्य आवासीय विद्यालय डौण्डी में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों ने मुँह मीठा कराकर बधाई दी। प्रधान पाठक ने बताया कि इस सत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय में भी चयन हुआ है।प्राचार्य पीआर सुधाकर, प्रकाश जोशी, कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, चैनसिंह साहू, गोमती पटेल, रेखा धगेश, कविता ठाकुर, नामिका साहू, सरपंच ईश्वर ठाकुर, श्रवण साहू आदि से उसे बधाई दी है।

### जनसहयोग से न्योता भोज आयोजित

**पथर्री।** प्राथमिक शाला पथर्री में नए शिक्षा सत्र शुरू होने पर प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए न्यौता भोज भी आयोजित किया गया। न्यौता भोज के आयोजन में शाला समिति के सदस्य गुहाराम देवांगन, टकेश्वर देवांगन और शिक्षकों ने सहयोग दिया। इस दौरान प्रधानपाठक राजकुमार ठाकुर, शिक्षक भोजराम साहू, भगवानी राम कन्नौजे ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### शिक्षा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण: जागृति

**तुमडीबोड।** प्राथमिक शाला मचानपार में मंगलवार को प्रवेश उत्सव का



आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु थी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रंजीता पटोती ने की। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती यदु ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की सर्वोत्तम स्थान है। कार्यक्रम में सरपंच मूलचंद पदाम, खेमलाल पटेल, डीएमसी सतीश ब्यौहरे, बीईओ जयंत साहू, एबीईओ क्षितिज शोरी, अरविंद रत्नाकर, एम वर्गीस, गैंदलाल कुर्रे, धनसाय सलामे, श्वेता श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।

### दाम घटने का लाभ मिले जनता को

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल



की कीमत घटने के बाद भी पेट्रोल डीजल के दाम कम नहीं होने पर आपत्ति की है। उन्होंने कहा कि विनिमय दर के अनुसार क्रूड आयल के दाम लगभग छह हजार से बैसठ सौ प्रति बैरल हो गई है। वर्तमान में कच्चे तेल की औसत लागत लगभग 38 से 39 रूपए प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। लोग अब भी 95 से 105 रूपए प्रति लीटर की दर से पेट्रोल खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूल लागत और अंतिम कीमत के बीच बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें घटने का लाभ जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने तत्काल समीक्षा कर जनता को राहत देने की मांग की है।

### मुक्तिधाम में बनेगा शौचालय

**मुसराकला।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम के मुक्तिधाम में 3 लाख की लागत से बनने वाले सार्वजनिक शौचालय का भूमिपूजन बुधवार को



जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा ने किया। इस अवसर पर श्रीमती सिन्हा ने कहा कि मुक्तिधाम में शौचालय निर्माण से ग्रामीणों को सुविधा होगी एवं स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर, हेमसिंग ठाकुर, उमेश यादव, रामेश्वर निषाद, पुराणिक साहू, मोहन साहू, लोकेंद्र वैष्णव, कमलनारायण साहू, अशोक साहू, बजरंग साहू, रामाधीन साहू, रामकुमार टेंभुरकर, कौशल सोनी, देवकुमार साहू, दानी साहू, मनोज कोचे, महेंद्र तिवारी, हीरा सलामे आदि उपस्थित थे। भूमि पूजन के पश्चात जनपद अध्यक्ष ने ग्रामीणों से समस्याएं सुनीं एवं निराकरण का आश्वासन दिया।

### अतिथियों ने किया बच्चों का स्वागत

**छुरिया।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जरहामाहका में प्रवेश उत्सव



धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती पूजा वंदना कर किया। कक्षा पहली और छठवी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया। शिक्षिका चमेली देवांगन ने सभी पालकों से अपने बच्चों को साफ कपड़े पहनाकर स्कूल भेजने और घर में पढ़ाई कराने कहा। इस मौके पर दिनेश सिन्हा, सरोज कोठरे, कुंजलाल पिस्दा, उषा पडौती, रेखा भारदीय, तुलाराम सिरमौर, बुद्धराम कंवर, सरपंच मन्नूलाल कवंर, धिराजी कंवर, अरूण सिरमौर, तुम्मन सेन, अशवनराम, रोमनसिंह, बिसनाथ, दीपचंद, सीताराम, अशोक कंवर, शेष कंवर, मुन्ना कंवर, रामबिलास साहू, टामिनबाई, महेश्वरी चंदेल, फूलेश्वरी कंवर, खेमलता, पुनियाबाई, ममता, शशि, बसंतीबाई आदि मौजूद थे।

### शिक्षण सामग्री का वितरण

**साल्हेवारा।** प्राथमिक शाला बांधाटोला में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी



के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान, शिक्षण सामग्री वितरण एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के अध्यक्ष संजय मैथिल, उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल आदि ने विद्यार्थियों को बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल, कंपास बॉक्स सहित अन्य शिक्षण सामग्री दिया। बच्चों को मिठाई, फल एवं बिस्कुट वितरित कर न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर सरपंच रामप्रसाद धुर्वे, विनोद धुर्वे, सुखराम कंवर, परमेश्वर कौशिक सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान शिक्षक मुरली मनोहर वर्मा एवं भूमिदान करने वाली फूलबाई मेरावी को सम्मानित किया गया।

### शीतला जुड़वास आज

**सड़क अतरिया।** चकनार नर्मदा में कल गुरूवार को शीतला जुडवास मनाया जाएगा। इस अवसर पर शीतला मंदिर में पूजा अर्चना का आयोजन रखा गया है। युवा एवं ग्रामीण जस गीत एवं पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ बाना यात्रा निकालेंगे। युवाओं द्वारा आकर्षक झांकी दिखाया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## विस अध्यक्ष ने छात्रावास भवन का किया लोकार्पण

# शिक्षा और एकता से होती है समाज की वास्तविक प्रगति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शनिवार को सिंगदई में 35 लाख रुपए की लागत के जिला निषाद केंवट सामाजिक भवन छात्रावास का लोकर्पण किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने स्थानीय विकास कार्यों के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने सिंगदई वार्ड में सीसी रोड निर्माण, सिंगदई में शिवनाथ नदी तट पर महिला घाट एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही समाज की मांग पर छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि की घोषणा की।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता से होती है। उन्होंने कहा कि समाज जब केवल सामाजिक आयोजनों तक सीमित न रहकर भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए छात्रावास, शिक्षा और अन्य सुविधाओं का निर्माण करता है, तब वह विकास की नई दिशा में आगे बढ़ता है। डॉ. सिंह ने कहा कि लगभग 35 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित जिला निषाद केंवट सामाजिक छात्रावास भवन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस भवन का उपयोग छात्राओं की शिक्षा के लिए छात्रावास के रूप में किया जाएगा। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समाज को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि निषाद समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि समाज का संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही तेजी से समाज के युवाओं और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा, सामाजिक नेतृत्व और विकास के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने कहा।

इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, निषाद समाज जिला अध्यक्ष दुरपत कुमार निषाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, मनोहर निषाद, गिरधर लाल निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



### संगठन में बड़ी ताकत : सांसद

*सांसद संतोष पांडे ने कहा कि निषाद समाज संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने वाला समाज है तथा समाज की एकता और संगठन उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निषाद समाज सहित विभिन्न वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिया है तथा मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों के विकास के लिए अलग मंत्रालय का गठन कर समाज के हितों को प्राथमिकता दी है। सांसद ने कहा कि भवन का निर्माण अत्यंत सुंदर और उपयोगी ढंग से किया गया है। उन्होंने कहा कि यह भवन समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

### प्रशासनिक सेवा में आएं समाज के युवा

*गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि निषाद समाज पूरे प्रदेश में शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज का लक्ष्य युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रशासनिक एवं अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में आगे बढ़ाना है। इसी उद्देश्य से जिला स्तर पर छात्रावासों की स्थापना की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।*

# बारिश के बाद नाली की गंदगी आई सड़कों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बारिश के शुरूवाती दिनों में ही सडक की गुणवत्ता के साथ सफाई व्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई है।

दो करोड की लागत से बनी जय स्तंभ चौक, गोलबाजार, जैन मंदिर, बुधवारी, गुरूद्वारा रोड, रेल्वे चौक की सडक जर्जर नजर आने लगी है। खालसा स्कूल मार्ग, जय स्तंभ चौक सडक पर गड्ढा होने के कारण लोगो को आवाजाही में परेड्शानी उठानी पड़ रही है। वहीं सडकों में नाली गंदगी और कचरा फैलने के बाद बदबू से लोग हलाकन हो गए है। खालसा स्कूल के पानी भरने के कारण बच्चों को परेशानी हो रही है।

### नाली और नालों की सफाई नहीं

*जानकारी के अनुसार बरसात के पूर्व नाली एवं नालों की सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी और नाली की गंदगी सड़क पर आ गई थी। बस स्टेंड, हाईस्कूल रोड, सब्जी मार्केट, गोल बाजार, बुधवारी पारा की नाली जाम होने के कारण घंटो सडक पर पानी बहते रहा। गंदगी और बदबू के चलते लोगों को काफी दिक्कत हुई। हालांकि पालिका के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर गंदगी की सफाई किया।*

### वनांचल की मानवी पढ़ेगी एकलव्य शाला में



**खडगांव।** स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा मानवी ठाकुर का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। कक्षा 5वीं की होनहार छात्रा मानवी ठाकुर आ माखनलाल ठाकुर की इस उपलब्धि से वनांचल क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। प्राचार्य खेमलतादास सहित शिक्षक शिक्षिकाओं और शाला प्रबंधन समिति ने हर्ष व्यक्त करते हुए मानवी को बधाई दी है।

# राष्ट्र उत्कर्ष व मानवता की रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र में समाज और राष्ट्र के उत्कर्ष के लिए जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य भगवान गोवर्धन पीठेश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा राष्ट्र हित में लिखे गए 200 ग्रंथों का प्रचार किया गया।

आदित्य वाहिनी के मार्गदर्शन में हनुमान चालीसा, सीताराम कीर्तन और संगोष्ठी का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी पंथ या मजहब तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित सभी धर्मों, संप्रदायों, जीव-जंतुओं, नदियों, पर्वतों और पर्यावरण के संरक्षण का आह्वान करता है। राष्ट्र की अखंडता और मानवता धर्म की रक्षा ही इस अभियान का मूल मंत्र है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य वाहिनी के नीलकंठ साहू, कुलेश्वरसिंह राजपूत, अवधेश नंदन एवं मोनू ठाकुर ने सहयोग दिया। इस अवसर पर राकेश ताम्रकार, मुकेश पटेल, राकेश जायसवाल, भोला जायसवाल, उत्तम राजपूत, गज्जू सोनी, दिनेश बैस, दयालु साहू, दिनेश भट्ट, वैष्णो ठाकुर, उदय देवांगन, कौशलेंद्र यादव और मानू ठाकुर उपस्थित थे।



### हिंदू सनातनी का हो जयघोष

*अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में भारत को भव्य बनाने और सनातनी मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। हर हिंदू सेना हो, हर हिंदू सनातनी हो के उद्घोष के साथ भारत को सशक्त बनाने का प्रण लिया गया। अंत में ओम नमो पार्वती पतये हर हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।*

# आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण शिक्षकों का किया गया सम्मान

**छुरिया।** ग्राम पंचायत रामपुर में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण, प्रवेश उत्सव तथा शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की। मुख्य अतिथि झाड़ूराम ठाकुर थे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य अनीता मंडावी, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, रविन्द्र वैष्णव आदि मौजूद थे।

अतिथियों ने फीता काटकर आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। प्रवेश उत्सव के दौरान पहली बार विद्यालय पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान



किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि बचपन के मजबूत होने से भविष्य भी मजबूत होगा। जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंडावी एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान कमलावती मरकाम, सौम्या चौबे, ममता साहू, कन्हैयालाल, सालिकराम साहू, छगनलाल कंवर, रोहित साहू आदि मौजूद थे।

## पीएमश्री स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

# विद्यार्थी हुए नई तकनीक से वाकिफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पीएम श्री लाल मूरतसिंह खुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में एक दिवसीय समर कैंप एवं टेक्नोलॉजी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में टच छत्तीसगढ़ टीम ने संचालित किया।

कार्यशाला का संचालन कमल चंद्राकर, विकास चंद्राकर, प्रेमत निषाद और अमितेश हरमुख की टीम ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीक की व्यवहारिक जानकारी दी गई। कार्यशाला के मुख्य आकर्षण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और



रोबोटिक्स रहा जिसमे छात्रों ने उसकी बारीकियों को समझा। ड्रोन तकनीक और थ्रीडी प्रिंटिंग की विद्यार्थियों ने न केवल सैद्धांतिक जानकारी ली, बल्कि ड्रोन डेमोस्ट्रेशन, थ्रीडी प्रिंटिंग और थ्रीडी पेन तकनीक का अनुभव प्राप्त किया। हैंड्स-ऑन लर्निंग में रोबो सॉकर, रोबो रेस और स्टेम प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों ने प्रयोग कर विज्ञान और नवाचार के प्रति उत्साह दिखाया।

### नवाचार को बढ़ावा देने आयोजन

*प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना विकसित करने में मील का पत्थर साबित होती हैं। उन्होंने टच छत्तीसगढ़ की टीम के उत्कृष्ट प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।*

# टीवी रियलिटी शो में सातवें स्थान पर पहुंचा सखी ग्रुप



**कल्लूबंजारी।** बूचाटोला के सखी डांस ग्रुप के कलाकारों ने टीवी रियलिटी शो में मनमोहक प्रस्तुति देकर टाप सेवन में स्थान बनाने में कामयाबी हासिल की है। इस ग्रुप के कोरियोग्राफर जीनूराम वर्मा है जो इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से पढ़ाई करने के बाद कोरियोग्राफर के रूप में विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। श्री वर्मा सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के नन्हे कलाकारों को नृत्य का प्रशिक्षण दे रहे हैं। रियलिटी शो के पहले एपीसोड में सौ ग्रुप के कलाकारों ने भाग लिया था जिनमें से पांच टीम फाइनल में पहुंची है। सखी डांस ग्रुप सातवाँ स्थान पर है। ग्रुप ने गत दिनों विधायक इन्द्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, राजनांदगाँव के जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा से मुलाकात कर सपोर्ट करने की अपील की।

# उल्लास से मनाया गया प्रगट उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

नथियाबाई कबीर आश्रम समिति एवं ग्रामवासी खामतराई के तत्वावधान में सोमवार को कबीर प्रगट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मंदिर में प्रतिष्ठित सद्गुरु साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजन, आरती और निशान साहेब की वंदना की गई। ध्वजारोहण भी किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य चित्ररेखा साहू, पूर्व सदस्य केजूराम सोनबोइर आदि उपस्थित थे। आनंद आरती और गुरुपूजा का आयोजन आश्रम प्रांगण में हुआ। आरती पूजन महंत अचिंतदास साहेब, देवरी (द) के दीवान पुरुषोत्तम साहेब ने संपन्न कराया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन भोजराम करसेल ने किया।



## खबर संक्षेप



### डस्टबिन का वितरण

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में बुधवार को जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने स्वछता अभियान के तहत महिलाओं को डस्टबिन का वितरण किया। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए घर, मोहल्ला एवं गांव में स्वच्छता बनाए रखने कहा। इस अवसर पर सरपंच संतोष यदु, हेमंत साहू, लाला राम सहित अन्य मौजूद थे।

### रिटायर पटवारी चंदेल को विदाई



**छुईखदान।** पटवारी खेमलाल चंदेल के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद उन्हें सहकर्मियों ने गाजे-बाजे के साथ ऐसी विदाई दी, जिसने पूरे नगर का ध्यान आकर्षित किया। समारोह का माहौल किसी शादी समारोह से कम नहीं था। विदाई समारोह के बाद तहसील कार्यालय से बैंड-बाजे के साथ विदाई यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में अधिकारी, कर्मचारी, मित्र आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार श्री चंदेल ने 17 मार्च 1989 को शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। लगभग 37 वर्ष 3 माह के सेवाकाल में उन्होंने ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा की मिसाल कायम की। उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने उनके योगदान को याद किया। सम्मान समारोह में एसडीएम अविनाश सिंह ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, कानूनगो सज्जन देशमुख उपस्थित थे। अतिथियों ने उन्हे शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। श्री चंदेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भुनेश्वर वर्मा, धर्मेंद्र पटेल, बनसराम पड़ोती, शिवलाल टंडन, देवेंद्र ताम्रकार, नीरज साहू, गिरीशदास साहू, शिवानी मिश्रा, होमलाल ध्रुव, पुनेश्वर जंघेल, नागेश, पुरुषोत्तम, रामचरण रजक, दिलेश तिवारी, नीरा साहू, सुरेश गुप्ता, सुनील श्रीवास, अमित महोबिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित महोबिया ने किया।

### गिधवा में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** नई सोच सामाजिक संस्था गिधवा द्वारा द्वितीय चरण का वृक्षारोपण संस्था के सलाहकार प्रेमनारायण साहू व संस्था की संरक्षक भारती साहू के सुपुत्र किंशुक के जन्मदिन पर ग्राम गिधवा (घुमका) के मां कर्मा भवन और राव समाज के मुक्तिधाम परिसर में नीम, बरगद, गुलमोहर, बादाम और कदम के पौधे लगाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण जारी, ढलाई तक पहुंचा

# बेंद्रीडीह जमीन विवाद में राजस्व विभाग के आदेशों की उड़ी धज्जियां

## 5 स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम बेन्द्रीडीह में आबादी भूमि को लेकर चल रहा विवाद अब राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। शिकायतकर्ता नीलम कुमार साहू का आरोप है कि विवादित भूमि पर दिलीप वर्मा उर्फ दिलीप श्रीवास्तव और अमित खरे को निर्माण रोकने के लिए एक-दो नहीं बल्कि पांच बार स्थगन आदेश सक्षम न्यायालय द्वारा जारी किया गया, इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुका और मकान की ढलाई तक कर दी गई।

उनका कहना है कि आदेश जारी होने के बाद भी राजस्व विभाग निर्माण रुकवाने में सफल नहीं हो सका, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि खसरा नंबर 697 की विवादित आबादी भूमि पर सालों से उनका कब्जा रहा है और ड्रोन सर्वे में भी संबंधित हिस्से पर उनका नाम दर्ज है। उन्होंने दावा किया कि मौके पर तैयार पटवारी पंचनामा में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उनके पक्ष में हस्ताक्षर किया हैं, जिससे उनके कब्जे के दावे को स्थानीय समर्थन मिला है। शिकायतकर्ता के अनुसार गांव के लोगों ने भी प्रशासन के समक्ष निर्माण रोकने की मांग की लेकिन इसके बावजूद विवादित स्थल पर निर्माण जारी रहा।



### खुद के स्थगन आदेश का पालन नहीं करा पाया राजस्व विभाग

*नीलम साहू ने आरोप लगाया कि पूरा मामला इस बात का उदाहरण बन गया है कि राजस्व विभाग खुद अपने ही स्थगन आदेश का पालन नहीं करा सका। उन्होंने कलेक्टर व एसडीएम से मांग की है कि स्थगन आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए और न्यायालय के अंतिम निर्णय तक विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण तत्काल प्रभाव से रोका जाए। मामले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि बेन्द्रीडीह भूमि विवाद का मामला सिविल न्यायालय में भी विचाराधीन है। राजस्व विभाग द्वारा जारी स्थगन आदेश प्रभावी है और यदि उसके बाद भी निर्माण कार्य किया गया है तो पंचायत को भी अपने अधिकार क्षेत्र के तहत आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए थी। यदि विवादित भूमि शासकीय अथवा न्यायालय में विचाराधीन है, तो अंतिम निर्णय न्यायालय ही करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल निर्माण या ढलाई कर लेने से किसी पक्ष का अधिकार स्वतः स्थापित नहीं हो जाता। यदि स्थगन आदेश के उल्लंघन में निर्माण हुआ है, तो संबंधित पक्ष पर नियमानुसार कानूनी परिणाम और दावे लागू होंगे और प्रकरण में आगे की कार्रवाई न्यायालय व सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार की जाएगी।*

### स्थगन आदेश लेने से इनकार, मकान पर चस्पा करना पड़ा नोटिस

*नीलम साहू ने बताया कि 21 मई को अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा जारी स्थगन आदेश संबंधित पक्ष ने लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद विभागीय कर्मचारियों ने नियमानुसार निर्माणाधीन मकान पर ही स्थगन आदेश चस्पा किया है जिसका फोटो भी उनके पास उपलब्ध है। उनका आरोप है कि आदेश की तामील की यह प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुका और राजस्व विभाग आगे की प्रभावी कार्रवाई नहीं कर सका। नीलम साहू के अनुसार विवादित भूमि का मामला वर्तमान में सिविल न्यायालय में विचाराधीन है और 1 जुलाई को स्थायी निषेधाज्ञा संबंधी सुनवाई निर्धारित है। उनका कहना है कि करीब डेढ़ साल तक निर्माण कार्य बंद रहा, लेकिन अचानक दुबारा शुरू कर दिया गया। उन्होंने न्यायालय में सभी स्थगन आदेश, पंचनामा सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अंतिम निर्णय होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।*

# जिले में ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

देशभर में 1 जुलाई से विकसित भारत-रोजगार व आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी योजना लागू हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका संवर्धन व आधारभूत विकास को नई गति देने के उद्देश्य से प्रारंभ इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियांवयन को लेकर जिले मे भी पूरी तैयारी हो गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने की दिशा में ग्रामीण भारत को सशक्त, आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण, आजीविका संवर्धन और गांवों के समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना अंतर्गत मांग के आधार पर साल में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी है, इसके साथ ही जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, कृषि आधारित कार्य, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन व आजीविका संवर्धन जैसे टिकाऊ कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। विकसित ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के लिए योजना में 318 प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया है। योजना के प्रभावी क्रियांवयन को लेकर प्रदेश मे इस सत्र के लिए 400 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है।

### कार्ययोजना ग्रामसभा से होगी तैयार

*योजना तहत जल संरक्षण, सिंचाई, ग्रामीण सड़क, वृक्षारोपण व टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह योजना ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास व आजीविका के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। सामाजिक अंकेक्षण एवं डिजिटल निगरानी से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की कार्ययोजना ग्राम सभा के माध्यम से तैयार की जाएगी जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन किया जा सकेगा। जिला प्रशासन द्वारा योजना के सफल क्रियांवयन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।*

### जिले में आज होगा योजना का शुभारंभ

योजना की शुरुआत गुरूवार 2 जुलाई को छुईखदान ब्लाक के रामपुर नवागॉव स्थित पान अनुसंधान केंद्र में जन सम्मेलन सह शुभारंभ कार्यक्रम सुबह 11 बजे होगा। ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों व अधिकारियों की उपस्थिति में योजना का शुभारंभ किया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा जाएगा। योजना अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी, 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान और कार्य उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान किया गया है। डिजिटल जॉब कार्ड, तकनीक आधारित कार्य प्रबंधन प्रणाली व समयबद्ध पारदर्शी भुगतान व्यवस्था के साथ ग्राम सभा की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाया गया है।

# प्रार्थना की अनिवार्यता पर पुनर्विचार की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भीम मानव कल्याण संगठन एवं युवा बौद्ध समिति ने स्कूल शिक्षा विभाग के उस आदेश पर आपत्ति जताई है, जिसमें शासकीय स्कूलों में सुबह की प्रार्थना एवं मध्याह्न भोजन के समय धार्मिक मंत्रों एवं वंदनाओं के आयोजन को अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। संगठन ने इस आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा है। संगठन के संस्थापक शुभम खोबरागड़े ने ज्ञापन में कहा कि शिक्षण संस्थानों में विशेष धर्म से जुड़ी प्रार्थनाओं को अनिवार्य करना संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना एवं मौलिक अधिकारों के विपरीत है। ज्ञापन में बताया कि संविधान के अनुच्छेद 28(1) का उल्लेख है कि राज्य निधि से संचालित शिक्षण संस्थानों में धार्मिक शिक्षा अथवा किसी विशेष धर्म की प्रार्थना आयोजित नहीं की जा सकती। अनुच्छेद 28(3) का हवाला देते हुए कहा गया है कि राज्य से सहायता प्राप्त विद्यालयों में किसी भी छात्र को उसकी अथवा उसके अभिभावकों की सहमति के बिना धार्मिक प्रार्थना में भाग लेने बाध्य नहीं किया जा सकता। भीम मानव कल्याण संगठन ने शिक्षा विभाग से आदेश की समीक्षा कर संशोधन करने तथा धार्मिक मंत्रों एवं वंदनाओं की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान चंद्रशेखर बोरकर, आशीष डोंगरे, मनोज चन्द्रिकापुरे, अमित मेश्राम, सिद्धांर्थ फुले, बादल वालदे, कमलेश गेडाम सहित अन्य उपस्थित थे।

# रानी दुर्गावती के बलिदान व शौर्य को किया याद

**तुमडीबोड़।** रानी दुर्गावती की गौरवगाथा हमें कठिन परिस्थितियों में साहस, आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने की सीख देती है। यह बातें जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने निकटवर्ती ग्राम ढाबा में आदिवासी ध्रुव गोड समाज द्वारा आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में कही।

इस मौके पर रानी दुर्गावती को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके शौर्य को याद किया गया। कार्यक्रम के प्रारँभ में श्री गांधी ने रानी दुर्गावती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया। उन्होंने आगे कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान समाज को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। हमें समाज को उन्नति की राह पर ले जाने के



लिए संगठित होने के साथ इतिहास और विरासत को सहेजने के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमिला उइके ने की। इस मौके पर जिपं सदस्य प्रशांत कोडापे, मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, जया साहु, विवेक मंडावी, कपिल पटौती, सोनुराम साहु, जितेन्द्र सिन्हा, निर्मला सिन्हा, टिमेश साहु, भोज ठाकुर, तरुण साहु, रामेश्वर मंडावी, रामरतन ठाकुर, निर्मला शांडिल्य, हरिचंद साहु, ईश्वर साहु, अश्वनी साहु, सरेखा साहु, भागवत सिन्हा, मनोहर साहु, हीरामन ओटी, झारसिंग ठाकुर, तेजराम, ललिताबाई आदि मौजूद थे।

## निधन

### सुरेश शर्मा



**डोंगरगढ़।** नरसिंग वार्ड निवासी सुरेश शर्मा का निधन हो गया। वह गोविंद शर्मा, गोपाल शर्मा के बड़े भाई और अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, अजितेश शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

उनके निधन पर परिजनों एवं सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

# राहुल गांधी से मुलाकात कर कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- 10 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले एवं क्षेत्र की राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा की।

गौरतलब है कि अभनपुर में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेशभर से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने, पार्टी की विचारधारा और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण से लौटने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि शिविर से प्राप्त अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ क्षेत्र में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लगातार कार्य किया जाएगा।

# अतिक्रमण से सकरी हो रही सड़क



**डोंगरगढ़।** खैरागढ मार्ग पर इंडियन गैस एजेंसी से अस्पताल चौक तक तेजी से अतिक्रमण किया जा रहा है। लोग नजूल की जमीन के साथ नाली- नालों पर कब्जा कर निर्माण कर रहे है। सड़क के दोनो ओर अस्थाई टपरी लगाने के साथ ठेला खोमचा लगाने वाले दुकान बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़- खैरागढ मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है। इस मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है। अतिक्रमण को लेकर राजस्व और नगर पालिका प्रशासन मौन है।

### सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का माध्यम

# जिला स्तरीय सहकारी संगोष्ठी, एफपीओ व पैक्स के माध्यम से आय बढ़ाने हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार सहकारी सप्ताह के द्वितीय दिवस जिला सहकारी विकास समिति की बैठक व जिला स्तरीय सहकारी संगोष्ठी का जिपं सभाकक्ष में हुआ। सदस्यों की आय बढ़ाने में एफपीओ व पैक्स की भूमिका विषय पर केंद्रित संगोष्ठी में जिले के सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारी व पदाधिकारी शामिल हुए।

संगोष्ठी में जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्वरी शैलेन्द्र त्रिपाठी, सहकारी निरीक्षक व नोडल अधिकारी बीएल नेताम, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव नोडल अधिकारी योगेन्द्र शर्मा व बैंक पर्यवेक्षक शीतल देवांगन ने सहकारिता आधारित विकास, एफपीओ एवं पैक्स की उपयोगिता तथा किसानों की आय वृद्धि के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। एफपीओ व पैक्स के प्रभावी संचालन से किसानों को बेहतर बाजार, संसाधन, तकनीकी मार्गदर्शन व आर्थिक अवसर उपलब्ध कराया जा सकता हैं। इससे कृषि को अधिक लाभकारी व टिकाऊ बनाया जा सकता है।



### पौधे रोपने का लिया संकल्प

*संगोष्ठी में रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए प्राकृतिक व जैविक खेती को अपनाने का आह्वान किया गया। साथ ही प्रत्येक सहकारी समिति द्वारा शुक्रवार 3 जुलाई को कम से कम पांच पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई। वक्ताओं ने प्राकृतिक खेती को मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व सतत कृषि विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। संगोष्ठी में महिला नेतृत्व वाले एफपीओ व एफपीसी की भूमिका, उनके संचालन सहित सदस्यों व संस्था को प्राप्त होने वाले लाभों की जानकारी भी साझा की गई। सहकारिता विस्तार अधिकारी प्रदीप कुमार भालेकर ने प्राथमिक सहकारी समितियों के दैनिक कार्यों, दायित्वों और संचालन व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान प्रभारी सहकारिता विस्तार अधिकारी आरके महिलांगे, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी-कर्मचारी, जिले की समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन योगेन्द्र शर्मा नोडल अधिकारी खैरागढ़ ने किया।*

# अच्छी सड़क पर बना रहे सीसी सड़क

### ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मोहारा में देवांगन बर्तन भंडार से नारायण सूर्यवंशी के घर तक लगभग 300 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण शुरू होते ही विवाद शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की आवश्यकता और पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए जिला प्रशासन से जांच की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार करीब एक माह पहले सड़क को खोद दिया गया था, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। शिकायतों के बाद अब निर्माण कार्य शुरू हुआ तो मौके पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क को उखाड़कर सीसी सड़क बनाई जा रही है, वह पहले से डामरीकृत और अच्छी थी। वहीं कसारी मार्ग लंबे समय से जर्जर है जिसकी अनदेखी कर अच्छी सड़क को उखाड़कर नया निर्माण कराया जा रहा है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डामरीकृत सड़क को हटाने के बाद उसी सामग्री का उपयोग सीसी सड़क के बेस में किया जा रहा है जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। निर्माण कार्य का निरीक्षण करने कोई भी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुसार होना चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि मोहारा चौक से राजनांदगांव मार्ग तथा दुर्गा होटल चौक से सहकारी समिति तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है जिसका निर्माण किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने जिलाधीश से शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग की है।

## सार समाचार

### मनाया गया प्रगट उत्सव

**राजनांदगांव।** एसकेडीवी मिशन जिला राजनादगांव के तत्वाधान में जिले के सभी सातों तहसीलों में धूमधाम से सद्गुरु कबीर साहब का



628वां प्रगट उत्सव मनाया गया। एसकेडीवी मिशन श्री सदगुरू कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के प्रवर्तक 16वे वंश गुरु पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहेब के आव्हान में जिले ही नहीं अपितु पूरे भारत वर्ष में 29 जून को कहीं भोजन भंडारा तो कहीं शरबत पिलाई गई। जिसमें एसकेडीवी मिशन के जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू, जिला सलाहकार महंत नूतन दास, जिला परोपकारी महेश साहेब योधन साहेब एवं जिला के समस्त कबीरपंथ समाज ने यह उत्सव मनाया। उक्त जानकारी एसकेडीवी मिशन के महंत नूतन दास ने दी।

### संस्कारधानी सेवा संस्थान ने किया सम्मान

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स-डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) डे के अवसर पर संस्कारधानी सेवा संस्थान द्वारा शहर के चिकित्सकों एवं



चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का उनके कार्यस्थलों पर पहुंचकर सम्मान किया गया। संगठन के सदस्यों ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर, गुलदस्ता भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी तथा समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने कहा कि चिकित्सक अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ही पेशे समाज और राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। संगठन ने सभी डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके सेवाभाव एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए शुभकामनाएं देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मान कार्यक्रम में राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, लक्ष्मण लोहिया, योगेश खत्री, मनोज देवांगन, महेश्वर सहित संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राजेन्द्र प्रसाद हुए सेवानिवृत

**राजनांदगांव।** रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के एमटी शाखा में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद पाठक के सेवानिवृत्ति होने पर 30 जून को



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बिदाई दी गई। इस अवसर पर डीएसपी केपी मरकाम, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, पुलिस कार्यालय के मुख्य लिपिक, स्टेनो एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केंद्र के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### बालिकाओं के लिए निःशुल्क शिविर 12 को

**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा राजनांदगांव द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पीछे राजनांदगांव में 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का लाभ सर्व समाज की पात्र बालिकाएं ले सकेंगी। कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह वैक्सीन निःशुल्क लगाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपनी पात्र बेटियों को शिविर में लाकर इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान का लाभ दिलाने की अपील की।

### चोरी के आरोपी पकड़े गए

**राजनांदगांव।** सूने घर से सोने-चांदी के जेवर व नगदी रकम चोरी करने के मामले में पुलिस ने फरार दो आरोपी सहित एक विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 जून को प्रार्थी रूपेन्द्र कुमार साहू खुज्जी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 जून को प्रार्थी अपने परिवार सहित विशाखापट्टनम घूमने गया था। 9 जून को वापस आने पर देखा कि मकान का मुख्य ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर रखी अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। जांच करने पर अलमारी में रखे सोने एवं चांदी के जेवरात कुल कीमती लगभग 1,95,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में पूर्व में और आपराधिक षडयंत्र करने की धाराओं के तहत विधि से संघर्षरत बालक को पूछताछ कर विधिवत बाल संप्रेषण गृह भेजा गया। इसकी भनक लगते ही अन्य आरोपी फरार हो गए और लुक-छिपकर दिन गुजार रहे थे। मुखबीर लगाकर 30 जून को अन्य आरोपी जगेशर मरकाम निवासी बोधीटोला व दीप सिंह मरकाम उर्फ मुसुवानिवासी नया बस स्टैंड डोंगरगांव एवं विधि से संघर्षरत बालक को मुखबीर सूचना के आधार पर घेराबंदी किया गया। आरोपी भागने लगे, दौड़ाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों से कुल दो सोने की पत्ती मंगलसूत्र, 3 नग चांदी का सिक्का, 1 नग चांदी की गणेश मूर्ति, 1 नग चांदी की लक्ष्मी जी की मूर्ति, 5 जोड़ी चांदी की बिछिया एवं 1 जोडी चांदी की पायल व 18000 रुपए नगदी रकम बरामद कर कार्रवाई की है।

### तुमड़ीबोड़ शाला में मना शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तुमड़ीबोड़ में 30 जून को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवमी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का टीका लगाकर, माला पहनाकर और मुंह मीठा करते सरपंच भुनेश्वरी साहू, प्राचार्य डॉ. मोन्सी वर्गीस, खेलूराम साहू, पीताम्बर साहू ने स्वागत किया। इस अवसर पर नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया और नवमी के छात्राओं को सरस्वती योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर दसवीं एवं बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा उनके वार्षिक परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन के रूप में सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को फोल्डर बैग देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते आशीर्वाद दिया।

### निधन



**श्रीमती द्रौपदीबाई नरेडी**

**डोंगरगढ़।** जयस्तंभ चौक निवासी स्व.शंकर लाल नरेडी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रौपदीबाई नरेडी उम्र 71 वर्ष का बुधवार को इलाज के दौरान नागपुर अस्पताल में देहांत हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 2 जुलाई गुरुवार को छीरपानी मुक्तिधाम के लिए प्रातः 11 बजे निकाली जाएगी।

## ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, शिकायत लेकर पहुंचे प्रशासन के द्वार

# चार खदानों में अवैध उत्खनन और शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अंतर्गत डोंगरगांव तहसील के ग्राम सालिकझिटिया से एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां ग्राम पंचायत सालिकझिटिया में संचालित चार विभिन्न खदानों में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन और नियमों की अनदेखी का आरोप लगा है। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम समिति ने सुशासन तिहार प्रशासन को एक संयुक्त शिकायत पत्र सौंपकर इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और सीमांकन की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान संचालकों द्वारा न केवल अपने आवंटित लीज एरिया से बाहर जाकर अवैध रूप से खुदाई की जा रही है, बल्कि शासकीय जमीनों पर कब्जा कर पर्यावरण और सार्वजनिक सुरक्षा को भी दांव पर लगाया जा रहा है।

शिकायत पत्र में उल्लेखित विवरण के अनुसार पहला मामला शिव गोविंद पंसारी का है। जिनकी कृषि भूमि के अंतर्गत भारी रकबा आता है, परंतु आरोप है कि वे अपने तय लीज क्षेत्र की सीमाओं का उल्लंघन कर बाहर खुदाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं इस क्षेत्र में पत्थरों को तोड़ने के लिए खतरनाक बम-बारूद का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे आसपास के क्षेत्रों में भारी दहशत का माहौल है और जानमाल के नुकसान का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों ने इस संबंध में त्वरित जांच कर वास्तविक सीमांकन कराने की गुहार लगाई है, ताकि इस प्रकार के जानलेवा अवैध कृत्य पर तुरंत रोक लगाई जा सके। ग्राम समिति की शिकायत के अनुसार क्षेत्र के एक अन्य संचालक मोतीराम सोनकर द्वारा संचालित खदान के पास स्थित बहुमूल्य शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस सरकारी जमीन पर बकायदा रैम का निर्माण कर दिया गया है, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। ग्रामीणों ने इस खदान की लीज और अतिक्रमण की बारीकी से जांच करने की मांग की है, ताकि सरकारी संपत्ति को मुक्त कराया जा सके।

### करेंगे आंदोलन

इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत सालिकझिटिया और जनपद पंचायत डोंगरगांव की ओर से हेमबाई तथा श्रीराम समिति के अध्यक्ष एनेश्वर सिंह सहित ग्रामवासियों ने हस्ताक्षर कर अपनी गहरी आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने इस शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी प्रेषित की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इन खदानों की निष्पक्ष जांच और वास्तविक सीमांकन नहीं कराया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### सीमा से बाहर उत्खनन

एक और गंभीर मामला राजनांदगांव निवासी सुलभ अग्रवाल का सामने आया है। उन पर आरोप है कि सालिकझिटिया ग्राम में स्थित उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर संचालित खदान में भी नियमों को ताक पर रख दिया गया है। संचालक द्वारा स्वीकृत लीज एरिया की सीमाओं को पार कर बड़े पैमाने पर बाहर से पत्थरों का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिससे भू-माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं और शासन को भी राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### चोरी-छिपे पत्थरों की तोड़ाई

चौथे मामले में अमित कुमार जैन द्वारा संचालित खदान का जिक्र है, जहां पूर्व में बीस वर्षों से केसर मशीन संचालित है। बताया गया है कि इस खदान की लीज अवधि काफी पहले ही समाप्त हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद यहां कभी-कभी चोरी-छिपे पत्थरों की तोड़ाई की जाती है। साथ ही शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रैम बनाई गई है। जिससे ग्रामीण बेहद आक्रोशित हैं।

## छेड़छाड़ के दो आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला से छेड़छाड़ व आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 20 जून को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 19 जून की रात्रि आरोपी मनसुख साहू एवं तमेश्वर साहू द्वारा उसके संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी कर सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया तथा आरोपी मनसुख साहू द्वारा प्रार्थिया के साथ अशोभनीय व्यवहार एवं छेड़छाड़ की गई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 296, 74, 75, 79, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई उपरांत आरोपी मनसुख साहू 30 वर्ष व तमेश्वर साहू 40 वर्ष दोनों निवासी ग्राम ठेकवा को 1 जुलाई को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया है।

# राहुल के साथ संगठन पर संवाद

- विपिन ने रखी राजनांदगांव की जमीनी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अभनपुर में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस प्रदेश के सभी जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों से व्यक्तिगत संवाद कर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, जनता से सतत संवाद बनाए रखने तथा संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के संकल्प को कांग्रेस संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्हें हर परिस्थिति में जनता के बीच खड़े होकर उनके अधिकारों और सरोकारों की लड़ाई लड़नी होगी।

जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्ष विपिन यादव से संक्षिप्त चर्चा में राहुल गांधी ने जिले की संगठनात्मक स्थिति, बूथ स्तर की सक्रियता, स्थानीय राजनीतिक परिदृश्य तथा संगठन विस्तार को लेकर जानकारी ली। विपिन यादव ने राजनांदगांव जिले की संगठनात्मक गतिविधियों, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं आमजन से जुड़े प्रमुख विषयों की संक्षिप्त जानकारी राहुल गांधी के समक्ष रखी।

प्रशिक्षण शिविर के प्रमुख प्रशिक्षक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रशिक्षक सचिन राव ने संगठन निर्माण, नेतृत्व विकास, राजनीतिक संवाद, जनसंपर्क, बूथ प्रबंधन एवं आधुनिक संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। विभिन्न सत्रों में एआईसीसी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राज्यसभा सांसद एवं एआईसीसी मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, सांसद शशिकांत सेंथिल, एआईसीसी के सह-प्रभारी एस. संपत कुमार एवं जरिता लैतफलांग, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू तथा प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू सहित वरिष्ठ नेताओं ने संगठन सशक्तिकरण, वैचारिक प्रतिबद्धता, जनआंदोलनों, सामाजिक न्याय, बूथ सशक्तिकरण और जनसंवाद को लेकर अपने अनुभव साझा किए।

## बाइक में ले जा रहे थे शराब, पकड़े गए

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 1 जुलाई को मोबाइल के माध्यम से मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति कटली शराब भट्ठी की ओर से अपने मोटर साइकिल में अधिक मात्रा में शराब रखकर परिवहन करते आ रहे हैं। सूचना पर थाना डोंगरगढ़ के नेतृत्व में ग्राम बेलगांव चौक मोहारा जाने के मार्ग पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई।

**70 पौवा व बाइक जब्त**

कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 24 पाव बॉम्बे गोवा अंग्रेजी शराब, 46 पाव देशी मदिरा कुल 70 पौवा तथा एक मोटर साइकिल जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी अनिल कंवर 39 वर्ष निवासी जटकन्हार, फिरोज निर्मलकर 36 वर्ष निवासी जटकन्हार व धनेश निर्मलकर 27 वर्ष निवासी जटकन्हार के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की।

# सेवानिवृत्ति पर दी बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह ठाकुर के सेवानिवृत्ति होने पर 30 जून को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में उन्हें विदाई दी गई।

गजेन्द्र सिंह ठाकुर वर्ष 1991 में सूबेदार के पद पर पुलिस विभाग में भरती होकर विभिन्न जिलों जैसे जिला रायगढ़, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, आरटीओ रायगढ़, आरटीओ कबीरधाम, आरटीओ रायपुर, जिला गरियाबंद, बिलासपुर, जगदलपुर, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव तथा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में पदस्थ रहे। इन जगहों में अपने कार्यों का अच्छा प्रदर्शन करते सूबेदार से रक्षित निरीक्षक फिर उप पुलिस अधीक्षक तदोपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होकर सफलतापूर्व कार्य किए और वर्तमान में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में



पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ थे। श्री ठाकुर द्वारा पुलिस विभाग को लंबी सेवा देने के पश्चात उनके सेवानिवृत्ति होने पर पुलिस महानिरीक्षक राज. बालाजी राव द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में श्री ठाकुर को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बिदाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक एलेक्जेंडर किरो, डीएसपी केपी मरकाम, डीएसपी अम्ब्रोस कुजुर, डीएसपी ब्रीजेश सिंह भदौरिया, डीएसपी मीना चौधरी, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, सीडीआई विक्रम बघेल एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने सीखा आग बुझाने का गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लखनऊ के अली गंज स्थित कोचिंग सेंटर में आगजनी की घटना के बाद राजनांदगांव शहर के कोचिंग सेंटर में भी जिला अग्निशमन विभाग द्वारा जांच पड़ताल की गई, जहां आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं मिले। वहीं कुछ जगहों पर फायर फाइटर सिलेंडर तो मिले, लेकिन इसे उपयोग के लिए कोई भी प्रशिक्षित नहीं मिला। इसके बाद जिला सेनानी अरूण कुमार सिंह द्वारा सभी कोचिंग सेंटर के संचालकों और अध्यापकों को फायर फाइटर सिलेंडर चलाने फायर स्टेशन में प्रशिक्षण दिया गया।

शहर के अलग-अलग कोचिंग सेंटर से शिक्षकगणों को बुलवाकर अग्निशमन विभाग द्वारा उन्हें आपातकालीन स्थिति में आग बुझाने प्रशिक्षण दिया गया। फायर स्टेशन प्रभारी इमाम बेग की उपस्थिति में शिक्षकों को फायर फाइटर सिलेंडर उपयोग करने सिखाया गया। वहीं रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग को सूझबूझ से आसानी से बुझाने भी प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति को सिर्फ दो लोगों की मदद से एम्बुलेंस तक सुरक्षित निकालकर पहुंचाने के लिए भी प्रशिक्षण दिया गया।



### आग बुझाने किया गया डेमो

प्रशिक्षण के दौरान एबीसी ड्राई पावडर फायर एक्सटिंग्विशर को लेकर बताया गया कि यह सबसे आम सिलेंडर है, जो लकड़ी, कागज, तरल पदार्थों पेट्रोल, डीजल और बिजली से लगी आग बुझाने के काम आता है। वहीं कार्बन डाइऑक्साइड सीओ-2, फायर एक्सटिंग्विशर, फोम फायर, वाटर फायर, वेट केमिकल फायर सिलेंडर और फायर एक्सटिंग्विशर बॉल को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षकों से आग बुझाने का डेमो भी कराया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस : सीएम के हाथों खिलाड़ी और कोच सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश और राज्य का नाम रोशन करने वाले नेशनल खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया।



कार्यक्रम में राजनांदगांव के प्रतिष्ठित संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय की खेल विधा को नई ऊंचाइयां देने वाली कोच को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल की कोच विद्या सिंह को खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए मुख्यमंत्री के हाथों विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही विद्यालय की होनहार छात्रा वंदिता रावटे (कक्षा 11वीं) और छात्र सौरभ पोंडी (कक्षा 10वीं) को खेल में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और स्पोर्ट्स किट प्रदान की गई। इस उच्च स्तरीय सम्मान समारोह में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और ओलंपिक संघ के डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस सफलता पर संस्था के प्रबंधकगण अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते खिलाड़ियों और कोच को अपनी शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य रेखा तिवारी ने बधाई देते कहा कि विद्यालय के होनहारों और कोच ने राज्य स्तर पर स्कूल का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खेल भावना और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है।

# अनुशासित जीवन और परिश्रमी बनने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि पार्षद आलोक श्रोती, वरिष्ठ पार्षद मणि भास्कर गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष तथा समिति के अन्य सदस्य, एसएमडीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप अवथनकर शामिल रहे।



कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन संकुल प्राचार्य पूर्णिमा शुक्ला मैडम ने किया। उन्होंने महापौर से शाला परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, झांसी की रानी महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापित करने का अनुरोध किया। महापौर मधुसूदन यादव ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, अनुशासित जीवन एवं परिश्रमी बनने तथा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने प्रेरित किया। महापौर द्वारा विद्यालय को नाम के अनुरूप पहचान दिलवाने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति शाला परिसर के मुख्य द्वार पर स्थापित करने की घोषणा की गई तथा शाला से संबंधित अन्य आवश्यकताओं को पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने अभिभाषण में बारी-बारी से शिक्षा के महत्व को बताया गया।

### पुस्तक, गणवेश वितरित

एसएमसी सदस्य पार्षद मणीभास्कर गुप्ता द्वारा छात्राओं में उत्साह और जोश का संचार किया गया। अतिथियों द्वारा प्राइमरी और मीडिल स्कूल भरकापारा, रेवाडीह, पेंड्री, कैलाशनगर, महारानी लक्ष्मीबाई पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को अपने करकमलों से शाला गणवेश तथा पुस्तकें वितरित की गई तथा टीका लगाकर, मुंह मीठा कराकर उनका शाला प्रवेशोत्सव में स्वागत किया गया।

### छात्राओं को साइकिल वितरित

महापौर मधुसूदन ने महारानी लक्ष्मीबाई शा.आदर्श कन्या उ.मा. शाला की कक्षा 9वीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया। संकुल समन्वयक मिलन साहू द्वारा व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. खिलेश्वरी साव द्वारा किया गया। आयोजन में संस्था के शिक्षकगण व कर्मचारियों का सहयोग एवं सहभागिता रही। आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक हुबलाल सुकतेल द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### पेंचक सिलाट स्पर्धा में आरोही ने जीता स्वर्ण पदक



**कवर्धा।** अभ्युदय स्कूल कवर्धा की छात्रा आरोही श्रीवास ने 14वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय व जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। यह प्रतियोगिता 25 से 28 जून तक महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए आरोही ने अपने सभी मुकाबलों में उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले उन्होंने 14 एवं 15 मई 2026 को बिलासपुर में आयोजित तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया था। आरोही की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आरोही की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विद्यालय की अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्हीं शोभा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि समर्पण, नियमित अभ्यास और सकारात्मक मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर भी सर्वोच्च सफलता हासिल की जा सकती है।

### रणवीरपुर हॉयर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया



**रणवीरपुर।** गत दिन मंगलवार को शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल रणवीरपुर में संयुक्त तत्वाधान में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही शासन की ओर से उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चेतन शुक्ला, पूर्व सरपंच बसंत बोहरा, देवनाथ साहू, राजू पारख एवं भोजलाल साहू ने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ अध्ययन करने और उज्जवल भविष्य के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डीएस उइके ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक खोमलाल रात्रे सहित शिक्षक रामेश्वर लहरे, मुरलीशरण बघेल, एससी देवांगन, प्रवीण ताम्रकार, शशांक यादव, विकास देवांगन, ममता देवांगन, लता साहू, हंसादेवी गहरवार, बसंती ठाकुर, अदिति वर्मा, उमेश श्रीवास, चंद्रकांत साहू, शिव धुर्वे, सुनेत तुरकाने, दुष्यंत वर्मा, शिव यादव तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

### नवीन बूथ कमेटी का गठन, शिवनारायण बने बूथ अध्यक्ष



**कुण्डा।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के निर्देशानुसार प्रभारी एवं सह प्रभारियों द्वारा सैहामालगी में नवीन बूथ कमेटी का गठन किया गया, जिसमें पंच परमेश्वर की नियुक्ति की गई। कुण्डा मण्डल अंतर्गत 5 बूथ की बढ़ोतरी हुई अब उन बूथों में बूथ कमेटी की गठन होना है उसके लिए बकायदा भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति गई है। वहीं भाजपा द्वारा शक्ति केंद्र सैहामालगी के बूथ गठन हेतु प्रभारी जिलाध्यक्ष अजा मोर्चा कवर्धा महेंद्र धृतलहरे एवं सह प्रभारी जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया छत्रकिशोर सानू तिवारी, महामंत्री मनहरण साहू, मण्डल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी का नियुक्त किया गया था, मंगलवार को प्रभारी एवं सह प्रभारियों ने शक्ति केंद्र सैंहामालगी के नवीन बूथ कमेटी का भाजपा कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें बूथ अध्यक्ष शिवनारायण चंद्रवंशी, बूथ सचिव सुरेश चंद्रवंशी, बीएलए-2 लल्लू चंद्रवंशी, युवा प्रमुख दीपक चंद्रवंशी, महिला प्रमुख शतकुमारी घृतलहरें, व्हाट्सएप प्रमुख निलेश चंद्रवंशी, मन की बात प्रमुख जलेश को बनाया गया। इस अवसर पर महेंद्र धृतलहरे, छत्रकिशोर सानू तिवारी, मनहरण साहू, दिनेश चंद्रवंशी एवं शक्ति केंद्र प्रभारी लेखराम सिंगरौल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### पिपरिया में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**पिपरिया।** नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया में शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नपं पिपरिया के अध्यक्ष घुरुवाराम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, एसएमडीसी अध्यक्ष मनोज नाविक तथा सदस्य कमलकांत नाविक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों ने आत्मीय भाव से नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहना कर, उपहार दे कर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य नंदकुमार शर्मा ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**अनदेखी:** भट्टरूसे-पथरी-कंझेटी मार्ग पर दो माह बाद बिछी मिट्टी, आवागमन ठप होने की आशंका

# बरसात सिर पर, फिर भी अधूरी पीएम सड़क निर्माण एजेंसी की सुस्ती से ग्रामीण बेहाल

- स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम भट्टरूसे से पथरी-कंझेटी तक निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क इन दिनों ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क का भूमि पूजन लगभग दो माह पहले हुआ था, लेकिन निर्माण कार्य की रफ्तार इतनी धीमी है कि अब तक सड़क पर केवल पीली मिट्टी ही बिछाई जा सकी है।

गिट्टी बिछाने, बेस तैयार करने और डामरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण की सुस्ती का खामियाजा अब बरसात में ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ सकता है।

मिट्टी बिछाकर काम अधूरा छोड़ देने से पहली ही बारिश में सड़क दलदल में तब्दील होने की आशंका है। इससे गांव के लोगों, स्कूली बच्चों, किसानों और मरीजों का आवागमन प्रभावित होगा। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क से सुविधा मिलने की उम्मीद थी, वही सड़क अब परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि सामान्य तौर पर मानसून शुरू होने से पहले सड़क निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश रहते हैं, ताकि बारिश के दौरान आवागमन प्रभावित न हो। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी ने समय रहते गंभीरता नहीं दिखाई। यदि बारिश के बीच निर्माण कार्य रुकता है तो न केवल लोगों की परेशानी बढ़ेगी, बल्कि सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठेंगे।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उनका कहना है कि पर्याप्त संसाधन और मशीनें लगाकर सड़क का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए, ताकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य पूरा हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

#### समय पर निर्माण नहीं हुआ तो बढ़ेगी मुश्किलें



ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। लगातार बारिश शुरू होने के बाद मिट्टी बहने और सड़क पर कीचड़ जमा होने से दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बढ़ जाएगा। स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को अस्पताल या मुख्य सड़क तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण एजेंसी ने अभी गति नहीं बढ़ाई तो पूरी बरसात लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

#### सवालों के घेरे में निर्माण एजेंसी, जांच की मांग

भूमिपूजन के करीब दो माह बाद भी सड़क का निर्माण प्रारंभिक चरण से आगे नहीं बढ़ पाने पर ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि समय पर कार्य पूरा करना एजेंसी की जिम्मेदारी है, लेकिन कार्य में लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की प्रगति की मौके पर जांच कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब-तलब किया जाए और गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में सड़क निर्माण पूरा कराया जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तविक रूप से ग्रामीणों तक पहुंच सके।

## दिव्यांग छात्र को मिली बैटरी चलित साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम कामाड़बरी के 80 प्रतिशत दिव्यांग छात्र नरेन्द्र उइके को शिक्षा के लिए आवागमन सुगम बनाने बैटरी चलित साइकिल प्रदान की गई। यह पहल कमल कुमार धुर्वे के प्रयास और आदिवासी नेता कामू बैगा के सहयोग से संभव हुई।

इस अवसर पर कामू बैगा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के सहयोग से जरूरतमंद छात्र को समय पर सहायता मिल सकी। उन्होंने कहा कि शारीरिक दिव्यांगता किसी भी छात्र की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। कमल कुमार धुर्वे ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही सच्ची समाज सेवा है। वहीं छात्र के पिता पीतल सिंह उइके ने सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पाइप-लाइन टूटी, घरों तक पहुंच रहा नाली का गंदा पानी, बीमारी फैलने की आशंका

- जल जीवन मिशन पाईप की मरम्मत नहीं, दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित आदर्श ग्राम बरबसपुर में जल जीवन मिशन की व्यवस्था ग्रामीणों के लिए राहत के बजाय चिंता का कारण बन गई है। गांव में जगह-जगह क्षतिग्रस्त और टूटी पाइपलाइन के कारण नल कनेक्शनों में नाली और बारिश का गंदा पानी पहुंच रहा है। इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग समस्या की अनदेखी कर रहा है।

करीब 25 सौ की आबादी वाले बरबसपुर में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया और नई पाइपलाइन भी बिछाई गई। हालांकि पूरे गांव में नई लाइन नहीं डाली गई। आधे हिस्से में वर्षों पुरानी और जर्जर पाइपलाइन को ही चालू रखते हुए उसी से घरों के नल कनेक्शन जोड़ दिए गए। समय के साथ यह पाइपलाइन कई स्थानों पर टूट चुकी है। बरसात के दौरान पाइपलाइन के आसपास जमा नाली और



गंदा पानी रिसकर सीधे पेयजल आपूर्ति में मिल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि नलों से आने वाले पानी में कई बार कीड़े-मकोड़े और गंदगी भी दिखाई देती है। मजबूरी में लोग इसी पानी का उपयोग पीने और घरेलू कार्यों के लिए कर रहे हैं। दूषित पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड, पीलिया सहित जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बावजूद इसके अब तक न तो पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई और न ही नई पाइपलाइन बिछाने की दिशा में कोई पहल हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है, लेकिन बरबसपुर में योजना की बदहाल व्यवस्था इसके विपरीत नजर आ रही है। कई घरों में अब तक नल कनेक्शन भी नहीं दिए गए हैं, जिससे लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### जिम्मेदारों से जल्द मरम्मत कार्य की मांग की

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से तत्काल क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बदलने, रिसाव वाले स्थानों की मरम्मत कराने, शुद्ध पेयजल की नियमित जांच कराने तथा शेष घरों में भी नल कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों का खतरा गंभीर रूप ले सकता है।

## सरकारी मदद का इंतजार नहीं, ग्रामीणों ने खुद के खर्च से बना दी खेत में दो किमी की धरसा सड़क

- जनप्रतिनिधियों ने सराहा सामूहिक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राम्हेपुर कला में सरकारी सहायता का इंतजार करने के बजाय ग्राम राम्हेपुर कला के किसानों ने आपसी सहयोग और जनभागीदारी की मिशाल पेश करते हुए अपनी निजी जमीन पर स्वयं की लागत से करीब दो किलोमीटर लंबा धरसा (कच्चा) मार्ग तैयार कर लिया। कृषि कार्य और आवागमन की सुविधा के लिए बनाए गए इस मार्ग पर लगभग दो लाख रुपए की लागत आई, जिसका वहन ग्रामीणों ने स्वयं किया। मार्ग निर्माण पूर्ण होने के बाद किसानों ने



ग्राम पंचायत में इसका अनुमोदन कराने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू तथा अध्यक्षता कर रहे ऋषि मिश्रा उपस्थित थें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयराम साहू ने कहा कि गांव के किसानों ने एकजुट होकर जो कार्य किया है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है। कृषि कार्य में आने वाली वर्षों पुरानी समस्या को ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से दूर किया है।

उन्होंने बताया कि इस मार्ग को पक्की सड़क में बदलने के लिए क्षेत्रीय सांसद और विधायक से चर्चा की गई है तथा करीब दो किलोमीटर सड़क निर्माण कराने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्षता कर रहे ऋषि मिश्रा ने ग्रामीणों की एकजुटता, सद्भाव और श्रमदान की भावना की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से गांव का विकास संभव है। उन्होंने धरसा मार्ग निर्माण में सहयोग देने वाले सभी किसानों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में भागवत बंजारे, प्रकाश कोसले, मंगल पुरैना, हीरा कोसले, पुन्नी पाली, रामसागर पाली, भाईराम पाली, भरत कुर्रे, रघुनंदन पाली, साहेब कुर्रे, कृष्णा साहू, देवकुमार साहू, पवन कोसले (सरपंच प्रतिनिधि), रमेश यादव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, **Bhaktu Kaushik S/o Ramadhar Kaushik** R/o-house no 60, khairjhiti, Samariya, Kawardha, Jhironi, Chhattisgarh-491336 have change the name of my minor son **Chandesh Kaushik** aged 11 Years and he shall hereafter be known as **Chandrakumar**.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Bhaktu Kaushik
[Signature of Guardian]

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Sumeet Pramod Kumar S/o Rajaram Jaiswal R/o h.no. 40, ward no. 15, surajpura, Surajpur, PO. Raveli, DIST. Kawardha, Chhattisgarh-491995 have changed my name and shall hereafter be known as Sumit Jayaswal.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Sumeet Pramod Kumar
Signature
(in existing Old Name)

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Dwarika Sahu S/o Deepak Ram Sahu R/o makan no. sonpuri, sonpuri rani, sonpuri, PO. Sonpuri, DIST. Kawardha, Chhattisgarh -491995 have changed my name and shall hereafter be known as Dwarika.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Dwarika Sahu
Signature
(in existing Old Name)

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, **Narad Sahu S/o Ramnath Sahu**, R/o 01, NINGAPUR, Nigapur, PO. Damapur, DIST. Kawardha, Chhattisgarh - 491559 have change the name of my minor daughter Lakshmin aged 15 Years and she shall hereafter be known as **Laxmi**.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Narad Sahu
[Signature of Guardian]

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as **Puran Singh S/o Sota Singh** R/o 0, Ward No 20, Kawardha, PO. Kawardha, DIST. Kabeerdham, Chhattisgarh- 491995 have changed my name and shall hereafter be known as **Situ Wadhwa**.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Puran Singh
Signature
(in existing Old Name)



## खबर संक्षेप



### डॉक्टर दिवस पर किया गया पौध रोपण

**कुकदुर।** डॉक्टर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदूर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडरिया ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा, कुकदूर मंडल के महामंत्री यशवंत श्रीवास की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही डॉ. स्वप्निल साधू, डॉ. श्वेता सोनी,होरीलाल यादव, बालकृष्णन साहू, सरोज भगत सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदूर के समस्त चिकित्सकगण एवं अस्पताल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सेवा भाव का प्रेरणादायक उदाहरण रहा। डॉक्टर दिवस के अवसर पर किया गया यह वृक्षारोपण अभियान स्वस्थ समाज एवं हरित भविष्य के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना।

### रिक्त सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर, जिला कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11वीं में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग हेतु 06 तथा अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग हेतु 02 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक एवं पात्र छात्राएं निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र दिनांक 07 जुलाई 2026 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा कर सकते हैं।

## निधन

### मीना बोथरा

**कवर्धा।** शहर की वरिष्ठ



समाजसेवी एवं बोथरा परिवार की मातृशक्ति श्रीमती मीना बोथरा, धर्मपत्नी स्वर्गीय संतोष बोथरा तथा सूचित बोथरा की माताजी, का बुधवार सायं 6:50 बजे संथारा-समाधिपूर्वक देवलोक गमन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिजनों, समाजजनों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी बैकुंठी यात्रा गुरुवार, 2 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे उनके निवास सराफा लाइन, कवर्धा से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# सरई वृक्षों के नीचे से निकलता है गरीबों का काला सोना पुटू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

मानसून की पहली फुहार पड़ते ही कबीरधाम जिले के पहाड़ी-वनांचल क्षेत्रों में प्रकृति का एक और तोहफा काला सोना धरती फाड़कर निकल आया है। साल में सिर्फ दो महीने मिलने वाला जंगली मशरूम पुटु इस समय हाट-बाजारों में कौड़ियों के भाव बिक रहा है। दरअसल साल (सरई) वृक्षों के नीचे जमीन के भीतर छोटे-छोटे गोल कंचों के आकार में छिपा रहने वाला पुटु जून-जुलाई तक ही मिलता है। मिट्टी हटाने पर इसका सफेद-काला रूप सामने आता है। प्रोटीन से भरपूर होने के कारण ग्रामीण इसे गरीब का मटन भी कहते हैं। सब्जी, भुंजिया और अचार के रूप में इसका स्वाद लाजवाब होता है।

### साल वन घटने से घट रही पैदावार

वन विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि पुटु केवल साल वृक्षों की जड़ों के पास ही पैदा होता है। कबीरधाम जिले के वनांचलों में साल वन तेजी से कम हो रहे हैं, जिसके कारण पुटु की पैदावार भी लगातार घट रही है। जबकि पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में मुख्यतः साल वृक्षों के ही घने जंगल पाए जाते हैं। जिले के पंडरिया और बोड़ला क्षेत्र की सीमा मध्य प्रदेश से जुड़ी होने के कारण इन इलाकों के रहवासी रोजी-रोटी के लिए अक्सर दूसरे प्रदेश की सीमा में भी आवागमन करते रहते हैं। इन दिनो जिले के वनवासी भरी बरसात में पुटु की तलाश में जंगलों की खाक छान रहे हैं। लेकिन काफी मसक्कत के बाद भी उन्हें पर्याप्त पुटु नहीं मिल पा रहे हैं और जो मिल रहा है उसे भी वे बाजार में बेंचना बेहतर समझ रहे हैं।



### 300 से 400 रुपए प्रति किलो भाव

शहरी क्षेत्रों में ताजा पुटु 300 से 400 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। वनांचल के बैगा, गोंड़ और अन्य आदिवासी परिवार सुबह तड़के जंगल जाकर पुटु एकत्र करते हैं और दिनभर में 2 से 3 किलो पुटू निकाल लेते हैं। मानसून के इन दो महीनों में यह उनकी कमाई का प्रमुख जरिया बन जाता है। वन विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल में पुटु जैसी दिखने वाली जहरीली प्रजातियां भी होती हैं। इसलिए सिर्फ अनुभवी बुजुर्गों की पहचान के बाद ही इसका संग्रहण और सेवन किया जाना चाहिए। यहां बताना लाजिमी होगा कि पुटु की सही पहचान नहीं होने के कारण हर साल बारिश के सीजन में जिले के कई वनवासी जहरीली पुटु तथा मशरूम का सेवन कर बीमार पड़ कर अस्पताल पहुंच जाते हैं।

**समस्या:** ग्रामीणों ने की व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग

# ग्राम छिंदीडीह में अंधेरा, टूटी पुलिया दे रही मौत को दावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवगोडान

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत छिंदीडीह के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

देश की आजादी के 78 साल बीत जाने के बाद भी इस वनांचल गांव तक बिजली जैसी मूलभूत सुविधा नहीं पहुंच सकी है। एक तरफ जहां ग्रामीण ढिबरी और लालटेन के युग में जीने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर अब गांव की एक टूटी पुलिया ग्रामीणों की जान जोखिम में डाल रही है। मिली जानकारी के अनुसार, छिंदीडीह के ऊपर पारा और नीचे पारा बस्ती के बीचों-बीच, शिव प्रसाद परस्ते के घर के पास स्थित मुख्य पुलिया का ऊपरी स्लैब पूरी तरह से टूटकर ढह चुका है। वर्तमान में कंक्रीट का नामोनिशान नहीं है, वहां सिर्फ जंग लगी कंक्रीटविहीन सरिया बची है और नीचे गहरा गड्ढा बना हुआ है।

इसी खतरनाक मार्ग से रोजाना गांव के सैकड़ों लोग, स्कूली बच्चे, दोपहिया वाहन और मवेशी आवागमन करते हैं, जिससे हर वक्त किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

### रात और बारिश में सीधे मौत को दावत



वनांचल क्षेत्र होने के कारण इस मार्ग पर रात के समय पूरी तरह से अंधेरा पसरा रहता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, क्योंकि पानी भरने के कारण यह गहरा गड्ढा दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति सीधे-सीधे 'मौत को दावत' देने जैसी है। किसी भी दिन कोई राहगीर, स्कूली बच्चा या मवेशी इस अंधेरे में गड्ढे का शिकार हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिया टूटने की जानकारी संबंधित विभाग को दिए जाने के बावजूद अभी तक कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है! प्रशासन के इस ढुलमुल रवैये से ग्रामीणों में भारी असंतोष है। ग्रामीणों ने जनहित में जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि उक्त पुलिया का तत्काल मौका-मुआयना कराया जाए और शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाए। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि यथाशीघ्र इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और सुधार कार्य शुरू नहीं होता है, या इस बीच कोई अप्रिय दुर्घटना होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# कुंआमालगी से शिक्षक सहित आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने जिले में जुआ और सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम कुआंमालगी में संचालित जुआ फड़ पर दबिश देकर शिक्षक सहित छहः आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से नगदी, ताश के पत्ते, मोबाइल फोन और चार मोटरसाइकिल जब्त की हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल और अमित पटेल के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चौकी दामापुर, थाना कुंडा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कुआंमालगी में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी।

पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन घेराबंदी कर छहः आरोपियों को मौके से पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश, 6 हजार रुपये नगद, 6 मोबाइल फोन तथा 4 मोटरसाइकिल जब्त की। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। कबीरधाम पुलिस ने कहा है कि जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अपने आसपास संचालित किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# जिले में मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के स्वच्छ छत्तीसगढ़-समृद्ध छत्तीसगढ़ के विजन पर अमल करते हुए कबीरधाम जिले में मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी अभियान तेज कर दिया गया है।



जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में वृहद जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अक्टूबर 2026 तक ठोस अपशिष्ट नियम पूर्ण करनें के लिए जिले की 60 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है जिसमे चार प्रकार के अलग-अलग रंगों के डिब्बों में विभिन्न प्रकार के कचरा को एकत्रित करने का कार्य प्रारंभ किया गया है।

इसके अंतर्गत हरा डिब्बा-गीला कचरा, नीला डिब्बा-सूखा कचरा, लाल निशान-सेनेटरी कचरा एवं काला डिब्बा-घरेलू हानिकारक कचरा को पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहा है। हरा डिब्बा का मतलब खाद मिलना, नीला डिब्बा का मतलब ग्रामीणों को आय, लाल डिब्बा मतलब खतरे का कचरा एवं काला डिब्बा मतलब हानिकारक कचरा इसका स्पष्ट संदेश देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के संदेश कचरा अलग करेंगे, बीमारी भगाएंगे को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्वच्छता दीदियों एवं विभागीय अमले के माध्यम से विशेष अभियान संचालित हो रही है।

# धार्मिक आस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उपमुख्यमंत्री निवास के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर से हनुमान जी के मुकुट चोरी की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की।



इस अवसर पर अशोक सिंह ने कहा कि विगत कुछ समय से जिले में धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रही घटनाओं से सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होने कहा कि 29 जून 2026 को उपमुख्यमंत्री निवास के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर से हनुमान जी की प्रतिमा का चांदी का मुकुट चोरी होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर सीधा प्रहार है। घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आमजन में रोष व्याप्त है तथा कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने कहा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन-प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि आमजन का विश्वास बना रहे और जिले में धार्मिक सौहार्द कायम रहे।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से मांग की कि हनुमान जी के मुकुट चोरी की घटना का तत्काल खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संविलियन दिवस पर ग्राम छिरहा स्कूल में वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल छिरहा में 1 जुलाई को संविलियन दिवस के ऐतिहासिक अवसर को अविस्मरणीय बनाने के लिए शिक्षकों ने परिसर में उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कर समाज को हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस अवसर पर संविलियन के गौरवशाली इतिहास के संबंध में बताया कि एक जुलाई 2018 का दिन प्रदेश के शिक्षाकर्मियों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ था, जब उन्हें पंचायत विभाग से मुक्त कर स्कूल शिक्षा विभाग में समाहित किया गया और पूर्ण शासकीय शिक्षक का दर्जा मिला। उन्होंने याद दिलाया कि शिक्षाकर्मियों की भर्ती की शुरुआत अविभाजित मध्यप्रदेश के समय साल 1996 में की गई थी, जब अत्यंत कम मानदेय पर मात्र एक सत्र के लिए नियुक्तियां होती थीं। इसके बाद साल 1998 में पंचायत और नगरीय निकायों के माध्यम से नियमित भर्तियां शुरू हुआ।

साल 2000 में छत्तीसगढ़ के पृथक राज्य बनने के बाद शिक्षाकर्मियों का अपने हक और संविलियन के लिए संघर्ष और अधिक मुखर व तेज हो गया। लगभग बीस वर्षों के लंबे और कड़े संघर्ष के बाद आखिरकार एक जुलाई 2018 को उनकी यह मांग पूरा हुआ और स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया।

**कलेक्टर ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित**

# डिप्टी कलेक्टर देवांगन को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने श्री देवांगन को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके लगभग 32 वर्ष 7 माह के समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की तथा उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम चेतन साहू सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि शासकीय सेवा केवल दायित्व निभाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह समाज और शासन के प्रति समर्पण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि श्री आर.बी. देवांगन ने अपने 32 वर्ष 7 माह के सेवाकाल में ईमानदारी, निष्ठा और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सरल स्वभाव, कार्य के प्रति समर्पण और सभी के साथ आत्मीय व्यवहार हमेशा याद रहेगा। कलेक्टर ने श्री देवांगन के स्वस्थ, सुखद और सक्रिय जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि शासकीय सेवा के दौरान उन्हें कई जिलों में काम करने का अवसर मिला। हर जगह उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला।

उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिले में सभी का अपनापन और सहयोग हमेशा याद रहेगा। यहां बिताया गया समय उनके जीवन की सबसे अच्छी और अविस्मरणीय यादों में शामिल रहेगा। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्नेह और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



### देवांगन का उल्लेखनीय रहा शासकीय सेवाकाल

डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन का शासकीय सेवाकाल उल्लेखनीय रहा। उन्होंने वर्ष 1993 में नायब तहसीलदार के रूप में शासकीय सेवा की शुरुआत की। शुरुआती वर्षों में उन्होंने सरगुजा जिले के अंबिकापुर, सूरजपुर और विश्रामपुर तहसीलों में सेवाएं दीं। इसके बाद वे राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में नायब तहसीलदार रहे। वर्ष 2006 से 2009 तक उन्होंने भाटापारा और सिमगा में पहले नायब तहसीलदार तथा पदोन्नति के बाद तहसीलदार के रूप में कार्य किया। वर्ष 2009 में वे कबीरधाम जिले के बोड़ला में तहसीलदार के पद पर पदस्थ हुए। इसके बाद उन्होंने अभनपुर (रायपुर) और दुर्ग में भी तहसीलदार के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2014 में राज्य प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत होकर वे डिप्टी कलेक्टर बने।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में शत्-प्रतिशत किसान पंजीयन कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिले के सभी पात्र किसानों का एग्रीस्टेक में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है, विशेषकर एक्जेम्प्टेड (छूट प्राप्त) श्रेणी के किसानों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन कराया जाए। इसमें एफआरए (वन अधिकार पट्टाधारी), वन पट्टाधारी, संस्थागत, शासकीय पट्टाधारी तथा ग्राम नौकर श्रेणी के किसान शामिल हैं। इसके साथ ही अन्य छूटे हुए सभी किसानों का पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि पूर्व में एग्रीस्टेक पोर्टल में इन श्रेणियों के किसानों के पंजीयन का विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण उनका पंजीयन नहीं हो सका था। इस वर्ष पोर्टल में इन श्रेणियों के किसानों के लिए पंजीयन का विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है।

इसलिए संबंधित अधिकारी ऐसे सभी किसानों का चिन्हांकन कर उनका पंजीयन प्राथमिकता से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अन्य छूटे हुए सभी किसानों का भी पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में किसान पंजीयन के लिए समिति स्तर पर 10 जुलाई 2026 तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इन शिविरों के माध्यम से किसान अपना एग्रीस्टेक पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धान खरीदी केंद्रों के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित शिविरों में समिति प्रबंधक, वीएलई, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों का पंजीयन कराएं।

साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को शिविरों की जानकारी दें, ताकि जिले के सभी पात्र किसानों का समय-सीमा के भीतर एग्रीस्टैक में पंजीयन पूर्ण किया जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।